### एक नजर में

#### नाबालिग सहित आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** गोविंदपुरा पुलिस ने एक विशेष समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक नाबालिग सहित आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की. पुलिस ने धार्मिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा है, वहीं आरोपी युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है. गोविंदपुरा थाने के उप निरीक्षक संजय शुक्ला ने बताया कि मामले में नाबालिग सहित आरोपी की गिरफ्तारी की गई है. क्षेत्र में महौल बिगाड़ने को लेकर मामला दर्ज किया गया. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की. क्षेत्र में संचालित एक होटल में युवक और युवती के मिलने से जुड़े विवाद पर यह मामला बना.

#### जेपी में 3 डॉक्टर अनुपस्थित, नोटिस जारी

**भोपाल.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बुधवार शाम जयप्रकाश जिला चिकित्सालय की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों में चिकित्सकों की उपस्थिति की जांच की गई. निरीक्षण के दौरान 3 डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए.अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है. निरीक्षण के दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलिमा सोनी, अस्थि रोग चिकित्सक डॉ. जय कुमार साहू तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलू गुप्ता अपने ओपीडी कक्ष में उपस्थित नहीं मिले.

#### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** कजलीखेड़ा थाना पुलिस ने बुधवार को अवैध कच्ची शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिक्री से पहले ही 75 पन्नी कच्ची शराब जब्त की है. कजलीखेड़ा थाना पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम गोल तालाब के पास दो प्लास्टिक की बोरियों में अवैध कच्ची शराब रखकर बेचने की फिराक में खड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ा. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शैतान सिंह निवासी ग्राम गोल का बताया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद दोनों बोरियों की तलाशी लेने पर उनमें भारी मात्रा में हाथ से बनी अवैध कच्ची शराब भरी पन्नियां जब्त की.

# बीएसएनएल का नेटवर्क 6 माह में होगा मजबूत

**50 नए टॉवर लगेंगे**



रोहित रजक

**भोपाल, 13 मई. बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार ने कहा कि बीएसएनएल की सबसे बड़ी ताकत उसकी विश्वसनीयता और सस्ती सेवाएं हैं. सरकारी कंपनी होने के कारण लोगों को संचार सुरक्षा और भरोसेमंद सेवा का विश्वास रहता है.**

उन्होंने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क पर भरोसा कर रहे हैं. अगले 6 माह में बीएसएनएल का नेटवर्क मजबूत होगा. राजधानी में आने वाले दिनों में 50 नए टॉवर लगाए जाएंगे. नवभारत प्रतिनिधि से चर्चा में मिथिलेश कुमार ने बताया कि बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है. प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में एक लाख फोन मोबाइल टॉवरों का उद्घाटन किया गया था. अब 4जी साइट बढ़ाने और भविष्य में 5जी में अपग्रेड करने की तैयारी की जा रही है. सरकार की सोच अपनी तकनीक विकसित करने की है और आने वाले समय में बीएसएनएल बेहतर 5जी सेवा देने में सक्षम होगा.

मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि भोपाल के चार इमली, एम्स, भेल और नए विकसित हो रहे क्षेत्रों में अतिरिक्त टावर लगाने की जरूरत है. शहर में करीब 50 से 52 नए टॉवर लगाए जाने की योजना है.पिछले वर्ष प्रदेश में करीब 5000 टॉवर लगाए गए थे और इस वर्ष 1100 नए टॉवर लगाने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगले 6 से 7 महीनों में नेटवर्क और इंटरनेट सेवाओं में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा.

> **प्रदेश में 29 लाख और भोपाल में 4 लाख उपभोक्ता**
>
> उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में करीब 29 लाख और भोपाल में लगभग 4 लाख उपभोक्ता बीएसएनएल की मोबाइल फोन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं.हर महीने करीब 20 से 25 हजार नए ग्राहक बीएसएनएल से जुड़ रहे हैं.स्वदेशी तकनीक नई होने के कारण शुरुआत में कॉल ड्रॉप और नेटवर्क संबंधी समस्याएं सामने आई थीं.लेकिन टीसीएस और सी-डॉट की मदद से लगभग 98 प्रतिशत तकनीकी समस्याओं का समाधान कर लिया गया है.

# महिला ने की आत्महत्या मायके पक्ष ने लगाए आरोप

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 मई. कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में रहने वाली एक गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. महिला की शादी हुए करीब एक साल हुए थे. महिला के मायके पक्ष के लोग मामले में ससुराल पक्ष के लोगों पर परेशान करने का गंभीर आरोप लगा रहे हैं.**

पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है. मर्ग कामय कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. ट्विशा शर्मा की शादी वकील सामर्थ शर्मा से हुई थी. ट्विशा के सुसर रिटायर्ड जज हैं और उनका मायका नोयडा में था. मंगलवार को देर रात ट्विशा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली. इस दौरान उनके पति और सास घर पर थे. ट्विशा को फंदे पर लटकता देख दोनों उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया.

ट्विशा के भाई हर्षित शर्मा भारतीय सेना में मेजर हैं. हर्षित ने बहन के आत्महत्या करने के मामले में ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. ट्विशा ने कुछ दिन पहले अपने भाई से फोन पर बात करते हुए नोयडा आने की मंशा जाहिर की थी. वह अपने मायके जा पाती इससे पहले ही ट्विशा का शव उनके घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला.




# नीट परीक्षा रद्द होने पर छात्र युवा संगठनों ने किया प्रदर्शन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 मई. मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली और पेपर लीक के मामलों को लेकर राजधानी में बुधवार को आक्रोश देखने को मिला. छात्र संगठन एआईडीएसओ और युवा संगठन एआईडीवाईओ ने ज्योति टॉकीज चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.**

इस दौरान संगठन के प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हुए ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए को तुरंत समाप्त करने की मांग की है. साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है. जिसमें प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एआईडीएसओ की जिला कोषाध्यक्ष अंबिका ने कहा कि नीट परीक्षा रद्द होना और सीबीआई जांच का आदेश यह साबित करता है कि देश की महत्वपूर्ण परीक्षाओं का सिस्टम पूरी तरह संकट में है. उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी परीक्षाओं में सेंधमारी बिना किसी प्रभावशाली और ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के संरक्षण के संभव नहीं है. ऐसे में अगर हर बार असली गुनहगारों को बचाया जाएगा तो छात्रों और अभिभावकों का विश्वास सिस्टम से पूरी तरह उठ जाएगा. इसके बाद युवा संगठन एआईडीवाईओ के जिला सचिव सोनू सेन ने कहा कि वर्तमान केंद्रीकृत परीक्षा प्रणाली केवल कोचिंग उद्योग के हितों को बढ़ावा दे रही है. इससे छात्रों और उनके परिवारों पर मानसिक और आर्थिक बोझ बढ़ रहा है.वहीं संगठन के राज्य उपाध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कहा कि यह भ्रष्टाचार चिकित्सा शिक्षा के निजीकरण का ही नतीजा है जब तक कड़ी जवाबदेही तय नहीं होती तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं.

> **संगठन ने रखीं ये प्रमुख मांगें**
>
> ➡ न्यायिक निगरानी में तय समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाए.
> ➡ पेपर लीक में शामिल सभी दोषियों को कड़ी सजा मिले चाहे वे किसी भी पद पर हों.
> ➡ जांच की पूरी रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए
> ➡ एनटीए को समाप्त कर सभी राष्ट्रीय परीक्षाएं सरकार अपनी जिम्मेदारी पर करें.

#### पत्नी पर पति ने किया चाकू से हमला

**भोपाल.** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में एक महिला पर उसके पति ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले से महिला गंभीररूप से घायल हो गई. आरोपी मौके से फरार हो गया. महिला सुनीता बाई राजीव नगर निवासी है. महिला का पति उससे अलग रहता था. सुबह सुनीता जब खेत की तरफ जा रही थी. इस दौरान रास्त में उसका पति और आरोपी पर्वत मिल गया. पर्वत ने सुनीता का रास्ता रोकते हुए उससे विवाद करना शुरू कर दिया. सुनीता के विरोध करने पर आरोपी पर्वत ने अपने पास से चाकू निकाला. सुनीता जबतक कुछ समझ पाती आरोपी ने उसके शरीर पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया.

# उज्बेकिस्तान की महिला, युवक गिरफ्तार

## वीजा खत्म होने के बाद भी रह रही थी महिला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 मई. शाहपुरा थाना पुलिस ने उज्बेकिस्तान निवासी एक महिला और उसके साथ रह रहे युवक को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि महिला के पास कोई वीजा नहीं है और वह भोपाल में रह रही थी. महिला के साथ पश्चिम बंगाल का एक युवक रह रहा था. मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की है.**

> **▸वीजा समाप्त हुए करीब एक साल हो चुका है**

जानकारी के मुताबिक त्रिलोचन नगर में किराए के एक फ्लैट में रह रहे युवक साजिद हुसैन खान को इसे खाली करने के लिए बोला गया था. फ्लैट के मालिक ने ही हुसैन को इसके लिए बोला था.

आरोप है कि हुसैन फ्लैट को खाली करने के लिए, जब अपने सामान निकाल रहा था. इस दौरान स्थानीय लोगों को कुछ संदेह हुआ. लोगों ने इसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस को एक विदेशी महिला के बारे में जानकारी लगी. महिला ने इस दौरान पुलिस की पूछताछ में अपनी पहचान जाहिर की. महिला ने बताया कि उसका नाम बखरोमोवा निलोफर है और वह उज्बेकिस्तान की रहने वाली है. निलोफर का भारत में रहने के दस्तावेजों को पुलिस ने चेक तो पता चला कि उसका बीजा समाप्त हुए करीब एक साल हो चुके हैं. निलोफर के करीब एक सप्ताह पहले भोपाल आने की बात अब तक सामने आई है. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

#### महिला का मंगलसूत्र झपटने की कोशिश

**भोपाल.** शाहपुरा थाना इलाके में सड़क पर पैदल जा रही एक महिला का मंगलसूत्र झपटने की कोशिश गई. आरोपी युवक ने जब ऐसा करने की कोशिश की तो महिला ने सतर्कता से खुद का बचाव कर लिया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपी की पहचान करने में जुटी है. 31 वर्षीय शादीशुदा महिला के साथ यह घटना तब हुई बीते 9 मई को पैदल अपने घर जा रही थी. इस दौरान रास्ते में कृष्ण विल्ला के पास एक अज्ञात आरोपी ने मंगलसूत्र झपटने की नाकाम कोशिश की. इसके बाद महिला ने शाहपुरा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

# प्रदर्शन के दौरान उपद्रव कर रहे तीन हिरासत में

**पुलिस से झूमाझटकी का आरोप**




नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 मई. तलैया थाना पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान उपद्रव करने वाले तीन आरोपियों को हिरासत में लिया. प्रदर्शनकारी गोविंदपुरा इलाके में एक युवक की पिटाई के मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट थे.**

इसके विरोध में ताजुल मस्जिद के पास मंगलवार देर रात को एक विशेष समुदाय के लोग एकजुट हुए और प्रदर्शन करने लगे. मौके पर पहुंची पुलिस को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े. आरोप है कि इस दौरान कुछ उपद्रवी लोगों ने पुलिस के साथ झूमाझटकी करने की कोशिश की.

# नहीं थम रहा अभ्यर्थियों का हल्लाबोल

**▸ संचालनालय के सामने डटे रहे युवा**



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 मई. राजधानी आये दिन शिक्षक अभ्यर्थियों के आंदोलन का केंद्र बनती जा रही है. पद वृद्धि के आंदोलन में शिक्षक भर्ती 2025 वर्ग-2 और वर्ग-3 के अभ्यर्थी बुधवार को भी अपनी मांगों को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के सामने डटे रहे.**

अभ्यर्थियों के अनुसार उनकी आयुक्त से बातचीत भी हुई, लेकिन मामले के हल में इस बार भी केवल मौखिक आश्वासन ही मिला.

> इस कारण अभ्यर्थियों में नाराजगी बनी हुई है. बता दें आंदोलन के दूसरे दिन करीब 20 अभ्यर्थी अपनी मांगों पर अड़े रहे. वहीं अभ्यर्थियों ने मौखिक आश्वासन को सिरे से खारिज करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की है. उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक सरकार की ओर से पदों में वृद्धि का कोई लिखित आदेश या ठोस आश्वासन नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटेंगे. अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 16 मई को भोपाल में एक विशाल आंदोलन किया जाएगा. जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में युवा शामिल होंगे.




**फ्लाई ओवर को दिया गया एक नया लुक**

**भोपाल.** राजधानी भोपाल के वीआईपी गेस्ट हाउस से बैरागढ़ जाने वाले फ्लाई ओवर को एक नया लुक दिया गया है, इसकी सुंदरता बढ़ाने के लिए प्रशासन ने पूरे फ्लाई ओवर के नीचे रंग बिरंगी लाइट लगाई है जो रात्रि में बहुत ही सुंदर दिखाई दे रही है. वहीं लालघाटी चौराहे की सुंदरता बढ़ गई है. यह लाइट रात्रि में स्थाई रूप से चालू रहेगी.

#### नापतौल कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

**भोपाल.** नापतौल विभाग के मुख्यालय में बुधवार को मध्य प्रदेश नापतौल अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति की बैठक हुई. इसमें कर्मचारियों की मांगों को लेकर चर्चा की गई. नापतौल अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि बैठक में गोपनीय प्रतिवेदन समय पर भेजने, समयमान वेतनमान, 2016 का मकान भाड़ा भत्ता एरियर, स्थाईकरण विभिन्न कार्यालय के रखरखाव, निरीक्षकों को वाहन विभाग के भर्ती नियम बनाने, मुख्यालय की भूमि पर प्रयोगशाला एवं टैंक लॉरी निर्माण, कर्मचारियों के आवास बनाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई.

# 5 दिन से सड़क किनारे खुले में रहने को मजबूर

## पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने लगाई गुहार



कलेक्टर से मिले अर्जुननगर की झुग्गी के रहवासी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 मई. राजधानी में अयोध्या बायपास के अर्जुननगर झुग्गीबस्ती का मामला ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है. उनकी झुग्गियों को तोड़े हुए लगभग पांच दिन हो गए.**

उनको जहां जगह दी गई वहां पर कोई भी अभी तक नहीं गया है और न ही कोई जाना चाह रहा है. अपने विस्थापन को लेकर सभी झुग्गीवासियों ने बुधवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मुलाकात की. उन्होंने अपनी पूरी समस्या बताई. कलेक्टर ने आश्वासन देते हुए संबंधित एडीएम समित पाण्डे को निर्देशित कर इनकी समस्या का निराकरण करने के लिए कहा. अर्जुननगर बस्ती वाले एडीएम से भी मिले उन्होंने भी सभी की समस्याओं को सुना और संबंधित एसडीएम और तहसीलदार को इनकी उचित व्यवस्था कराने के लिए कहा. आरती शर्मा ने बताया कि अब हम लोग महापौर मालती राय से मिलने जाएंगे. उनकेसामने अपनी समस्या रखेंगे और उनसे पीएम आवास के लिए बात करेंगे.

> **30 साल से रह रहे थे**
>
> अर्जुन नगर झुग्गी बस्ती में लगभग 30 परिवार रहते थे. जो लगभग 30 वर्ष से रह रहे थे. जिनके पास वहां निवास करने संबंधी सभी प्रमाण पत्र और पट्टे भी हैं. उसके बाद भी उनकों पीएम आवास का लाभ नहीं दिया गया. रहवासी आरती शर्मा ने बताया कि अपनी समस्या को सभी क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कृष्णा गौर से भी मिले लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. वहीं पार्षद तो मिल ही नहीं रहा है. जहां जमीन दी गई है वह विधानसभा क्षेत्र दूसरे विधायक का है. वह इनकी व्यवस्था क्यों करेंगे.

**पर्दाफाश ▸ कालाबाजारी की थी तैयारी, सेना के मेजर भी पहुंचे**

# मिलेट्री गैस एजेंसी का सिलेंडर से भरा का वाहन जब्त

**भोपाल,13 मई. रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है. आए दिन किसी न किसी एजेंसी को सप्लाई वाले गैस सिलेंडर से भरे वाहन जब्त हो रहे हैं. बुधवार को जिला आपूर्ति नियंत्रक दल ने एक वाहन जब्त करने में सफलता हासिल की है. यह वाहन मिलेट्री गैस एजेंसी बताया गया है.वाहन में 18 गैस सिलेंडर पाए गए हैं, जिनका कोई बिल नहीं था.**



वहीं 9 सिलेंडर में 2 से 3 किलो गैस कम पाई गई. इस मामले की जानकारी नामतौल विभाग को भी दी गई. नापतौल विभाग के अमले ने भी मौके पर पहुंचकर सिलेंडर की जांच की. खाद्य आपूर्ति दल ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज वाहन सहित 9 सिलेंडर जब्त किए है. वहीं नाप तौल विभाग ने भी कम गैस मिलने को लेकर प्रकरण तैयार किया है और बाकी 9 सिलेंडर जब्त किए है. वाहन को जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में रखवा दिया गया है.


> **इनका कहना है...**
>
> जब्त किए गए वाहन की जानकारी सेना को भी दी गई. सेना के मेजर मौके पर पहुंचे और उन्होंने सैन्य स्तर पर भी मामले की जांच करवाने की बात कही है.
>
> **संदीप भार्गव,**
> सहायक आपूर्ति अधिकारी

#### मिलेट्री वाहन का शहर में आने पर हुई शंका

खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन के अनुसार कलेक्ट्रेट के सामने से वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 4770 गुजर रहा था. जिसमें रसोई गैस सिलेंडर भरे हुए थे. उसमें मिलेट्री गैस एजेंसी का पास लगा हुआ था. सामान्य क्षेत्र में मिलेट्री का वाहन देखकर खाद्य आपूर्ति अमले को शंका हुई. अधिकारियों ने वाहन रुकवा कर ड्राइवर से पूछताछ की. संदेह होने पर खाद्य आपूर्ति के अमले ने बिल की मांग की, जिस पर ड्राइवर संतोष जनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया.

# 4 मंजिला भवन में लगी आग

**▸ चिंगारी से जल गए एसी-फर्नीचर**



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 मई. करोंद क्षेत्र स्थित एक चार मंजिला भवन के प्रथम मंजिल में बुधवार दोपहर आग लग गई. जिससे लाखों रुपए के एसी और फर्नीचर जलकर राख हो गए. यह आग भवन में नीचे रखे जनरेटर से निकली चिंगारी से लगी थी. इस आगजनी की घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है.**

इस आग की सूचना नगर निगम के फायर स्टेशन को दी गई. जब तक निगम के दमकल कर्मी वहां पहुंचे तब तक भवन में फायर की व्यवस्था थी, इसलिए वहां के लोगों द्वारा ही आग पर काबू पा लिया गया. जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई. इस भवन में एनकेएफसी आउटलेट और क्रॉमा इलेक्ट्रॉनिक का शोरुम भी है. जिन्हें किसी भी तरह कस नुकसान नहीं हुआ है. नगर निगम के फायर प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि बिल्डिंग में क्रोमा का इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के पास में रखे जनरेटर में आग लगी थी.